प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती दे रही है प्रदेश सरकार– प्राकृतिक खेती से जुड़े लगभग सवा 2 लाख किसान।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– मोदी सरकार ने जी राम जी योजना के तहत श्रमिकों को दी एक सौ 25 दिन के रोज़गार की कानूनी गारंटी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. शिमला में हुई घटना की जांच कल तक पूरा करने के दिए निर्देश– डॉक्टरों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग को बताया ज़रूरी।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा– केंद्र द्वारा स्ट्रीट वेंडर्ज़ के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं पीएम स्वनिधि सहित अनेक योजनाएं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन में विफल रही है राज्य सरकार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती दे रही है और हिमाचल देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रदेश की लगभग 90 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और करीब 54 फीसदी लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि व इससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 9 लाख 61 हज़ार किसान परिवारों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए किसान हितैषी योजनाओं का एक व्यापक ढांचा लागू किया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में अभी तक लगभग 2 लाख 23 हज़ार किसान व बागवान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है।

चौहान–जी राम जी

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रोजगार सृजन और व्यापक ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त निधि सुनिश्चित करने हेतु विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आबंटन प्रस्तावित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि श्रमिकों को अब 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है।

स्वास्थ्य–सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. में पिछले कल हुई घटना की जांच कल तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में स्वास्थ्य विभाग और आई.जी.एम.सी. के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की और घटना से जुड़े सभी तथ्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संस्थान में पेशेवरों का व्यवहार सौम्य व शांत होना चाहिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सीनियर रेज़िडेंसी करने के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में आने वाले सभी डॉक्टरों को इंडक्शन ट्रेनिंग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि राज्य सरकार ने मारपीट के आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है।

आईजीएमसी

इस बीच आई.जी.एम.सी. की रेज़िडेंट डॉक्टर एसोसिएशन इस मामले में आरोपी डॉक्टर के समर्थन में उतरी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहेल शर्मा ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि

डॉक्टर के साथ भी बदसलूकी हुई है और इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इधर मरीज़ के पिता ने पत्रकारों से बातचीत में आरोपी डॉक्टर को तुरंत हटाने की सरकार से मांग की है, ताकि भविष्य में किसी के साथ ऐसी वारदात न हो।

अर्थशास्त्र संघ

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नोएडा में भारतीय अर्थशास्त्र संघ के 108वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मेलन नीति संवाद और राष्ट्र निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। राज्यपाल ने कहा कि देश आज आर्थिक रूप से मज़बूत होकर नवाचार स्टार्टअप और बुनियादी ढांचे के विस्तार में भी अग्रणी बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर नागरिक के लिए समान अवसर और संतुलित विकास सुनिश्चित करना भी है।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने आज प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा किया गया। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्ज़ के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं और उनके लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई है। इसके माध्यम से 10 हज़ार से 50 हज़ार रूपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के 7 फीसदी ब्याज़ दर पर दिया जा रहा है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज चंबा ज़िले में भटियात क्षेत्र की गोला पंचायत में परोल–भियोरा संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर लगभग 90 लाख रूपये खर्च होंगे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि इस सड़क का विस्तार मोतला–काथला तक किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं को सही ढंग से संचालित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर मरीज़ों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरा प्रदेश मैडिकल व पैरा–मैडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है और राज्य सरकार खाली पड़े पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं और मरीज़ों को ईलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने पिछले कल आई.जी.एम.सी. शिमला में हुई मारपीट की घटना को लेकर भी सरकार व प्रशासन को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अव्यवस्था, भीड़, काम का अधिक दबाव और प्रशासनिक लापरवाही ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती दे रही है प्रदेश सरकार– प्राकृतिक खेती से जुड़े लगभग सवा 2 लाख किसान।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– मोदी सरकार ने जी राम जी योजना के तहत श्रमिकों को दी एक सौ 25 दिन के रोज़गार की कानूनी गारंटी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. शिमला में हुई घटना की जांच कल तक पूरा करने के दिए निर्देश– डॉक्टरों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग को बताया ज़रूरी।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा– केंद्र द्वारा स्ट्रीट वेंडर्ज़ के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं पीएम स्वनिधि सहित अनेक योजनाएं।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन में विफल रही है राज्य सरकार।

---